# वानिकी समाचार

वर्ष 15 सं.10
अक्टूबर 2023

भारतीय वानिकी अनुसंधान
एंव शिक्षा परिषद्

LiFE
Lifestyle for Environment

अनुक्रमणिका


| | पृ.स. |
|---|---|
| वन संबंधी संयुक्त राष्ट्र मंच | 01 |
| महात्मा गांधी की जयंती | 01 |
| मनाए गए दिवस | 02 |
| मिशन लाइफ (LiFE) के अंतर्गत की गई गतिविधियाँ | 03 |
| महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष | 03 |
| परामर्शी कार्य | 04 |
| वन विज्ञान केंद्र के अंतर्गत गतिविधियाँ | 04 |
| प्रदर्शनी में भागीदारी | 04 |
| कार्यशालाएँ/सेमिनार/बैठकें | 05 |
| प्रशिक्षण कार्यक्रम | 07 |
| समझौता ज्ञापन | 09 |
| प्रकृति कार्यक्रम | 09 |
| जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम | 10 |
| संस्थानों का दौरा | 11 |
| राजभाषा गतिविधियाँ | 12 |
| स्वच्छता अभियान | 12 |
| मानव संसाधन समाचार | 12 |


## वन संबंधी संयुक्त राष्ट्र मंच- देश के नेतृत्व वाली पहल

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 26 से 28 अक्टूबर 2023 तक भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून में वन संबंधी संयुक्त राष्ट्र मंच–देश नेतृत्व पहल का आयोजन किया गया। दुनिया भर के 30 से अधिक देशों और 20 संगठनों ने मंच में भाग लिया।




वन संबंधी संयुक्त राष्ट्र मंच– देश के नेतृत्व वाली पहल

- दिनांक 2 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और इसके संस्थानों द्वारा महात्मा गांधी की 154वीं जयंती मनाई गई।





















- भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और उसके संस्थानों द्वारा दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय एकता दिवस 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थानों के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।






















- भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और इसके संस्थानों द्वारा 30 अक्टूबर से 05 नवंबर 2023 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया।
























## मिशन लाइफ (LiFE) के अंतर्गत की गई गतिविधियाँ

### भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- दिनांक 19 अक्टूबर 2023 को बच्चों की साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं. के आवासीय क्षेत्र के 50 बच्चों ने भाग लिया।



भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर द्वारा बच्चों की साइकिल रैली आयोजित की गई

### भा.वा.अ.शि.प. – कौशल विकास केंद्र, छिंदवाड़ा

- दिनांक 4 अक्टूबर 2023 को 70 स्कूली छात्रों के लिए बर्ड वाचिंग अभियान का आयोजन किया गया और छात्रों को विभिन्न पादप प्रजातियों के बारे में जानकारी भी दी गई।

### भा.वा.अ.शि.प.–वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद

- दिनांक 06 अक्टूबर 2023 को मध्याह्न भोजन के माध्यम से आहार में मोटे अनाज (मिलट्स) शामिल करने के बारे में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में व्यासा स्कूल, बौरामपेट, हैदराबाद के



भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा मध्याह्न भोजन के माध्यम से आहार में मोटे अनाज (मिलट्स) शामिल करने के बारे में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

### भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- दिनांक 20 अक्टूबर 2023 को जैव संसाधनों के सतत उपयोजन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शिवालिक अकादमी के संकाय सदस्यों के साथ कक्षा 11 और 12 के 60 छात्रों ने भाग लिया।

## महत्वपूर्ण अनुसंधान निष्कर्ष

### भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून

- उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में 14 अलग–अलग स्थानों से एकत्र किए गए ***प्रिंसेपिया यूटिलिस*** के पत्तों से 25: जलीय मेथनॉल सत्त पर यूपीएलसी–क्यूटीओएफ–एमएस का उपयोग करके मेटाबोलॉमिक विश्लेषण किया गया। केमोमेट्रिक विश्लेषण के साथ इस अध्ययन से 80 यौगिकों और उनकी अंतरजनसंख्या परिवर्तनशीलता की पहचान हुई। यह शोध ***पी. यूटिलिस*** पत्तियों की समृद्ध फाइटोकेमिकल विविधता पर प्रकाश डालती है। इनमें से 57 चिह्नक यौगिक थे, जिनमें अधिकतर फेनोलिक यौगिक थे, जिनमें से 56 पहले से रिपोर्ट नहीं किए गए। विशेष रूप से, सबसे प्रचुर मात्रा में चिह्नक यौगिकों में मैलिक एसिड, केम्पफेरोल 3– (2–रम्नोसिलरुटिनोसाइड), आइसोरहैमनेटिन 3–रूटीनोसाइड 4–रम्नोसाइड, क्लोविन, केम्फेरोल 3–सोफोरोट्रायोसाइड 7–रम्नोसाइड, केम्फेरोल 3–सोफोरोसाइड 7–ग्लूकोसाइड, और क्वेरसेटिन 3–(रम्नोसिल–(1–>2)–रम्नोसिल–(1–>6)–ग्लूकोसाइड) शामिल हैं। 57 चिह्नक यौगिकों, विशेष रूप से फेनोलिक यौगिकों की खोज, ***पी. यूटिलिस*** पत्तियों के लक्षण वर्णन और गुणवत्ता नियंत्रण के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान करती है। ये चिह्नक यौगिक पौधे के लिए रासायनिक फ़िंगरप्रिंट के रूप में काम कर सकते हैं, इसके प्रमाणीकरण और मानकीकरण में सहायता कर सकते हैं।

- **भा.वा.अ.शि.प.–वन जैवविविधता संस्थान, हैदराबाद**

- ***निओलामार्किया कदम्बा*** के वाइरोम को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कदम्बा ट्रांस्क्रिप्टोम डेटासेट का उपयोग करके खोजा गया था और एक कल्पित नोवल वायरस की पहचान की गई, जिसे अस्थायी रूप से कदम्बा क्रिप्टिक वायरस 1 (CdbCV1) नाम दिया गया। CdbCV1 में दो जीनोम खंड होते हैं, प्रत्येक को एक प्रोटीन से कोड किया गया, CdbCV1 RNA 1 (1564 nt) को एक RNA आश्रित RNA पोलीमरेज़ (RdRp) प्रोटीन से कोड किया गया जबकि CdbCV1 RNA2 (1492 nt) को एक प्रोटीन (CP) से कोड किया गया। फाइलोजेनेटिक और अनुक्रम समानता विश्लेषण से CdbCV1 की पेपर क्रिप्टिक वायरस 1 और पिटोस्पोरम क्रिप्टिक वायरस से संबद्धता का पता चला। प्रजातियों के सीमांकन मानदंड, जीनोम संगठन और फ़ाइलोजेनी के आधार पर, CdbCV1 को जीनस ***डेल्टापार्टिटिवियर्स*** (सिद्धार्थन एवं अन्य 2023) का एक नया सदस्य माना जा सकता है।

### भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर

- एक अद्वितीय, अत्यधिक अभिव्यक्त पेरोक्सीडेज–2 जीन, जो लवण तनाव के दौरान प्रेरित होता है, की पहचान ***राइजफोरा म्यूक्रोनाटा*** से की गई और जीन फ़ंक्शन सत्यापन अध्ययन के लिए आनुवंशिक परिवर्तन वेक्टर में क्लोन किया गया।

### भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

- भारत के हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के जगतसुख में ***पोपुलस सिलियाटा*** उद्गम स्थान जैसे खनोला, पाहनाला, नशाला, सोलंगनाला और गगनशिल के नर और मादा जीनप्ररूप के क्षेत्र विकास प्रदर्शन की जांच के लिए एक अध्ययन किया गया। यह परीक्षण हिमाचल हिमालय के उच्च पहाड़ी समशीतोष्ण क्षेत्र में तीन प्रतिकृतियों के साथ एक आरबीडी में स्थापित किया गया। खनोला उद्गम के लिए अधिकतम जीबीएच (56.01 सेमी) देखी गई, हालांकि गगनशिल उद्गम के लिए उच्चतम कुल ऊंचाई (19.04 मीटर) और शाखाहीन प्रस्तंभ ऊंचाई (6.34 मीटर) दर्ज की गई। सोलंगनाला उद्गम ने सबसे बड़ी शिखर चौड़ाई (5.60 मीटर) और उत्तरजीविता प्रतिशत (75.00:) प्रदर्शित किया।

### भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- जैवउर्वरक और मल्चिंग उपचार के साथ–साथ चंबल के बीहड़ों में रोपित वृक्ष प्रजातियों की उपयुक्तता का आकलन किया गया। ***अज़ाडिराक्टा इंडिका*** और ***अकैशिया टॉर्टिलिस*** ने उत्तरजीविता और वृद्धि की विशेषताओं के अनुसार सबसे अच्छा प्रदर्शन किया।
- केवीके, पिपरौंध, कटनी में विभिन्न वन आनुवंशिक संसाधन प्रजातियों के जीन बैंक की स्थापना के लिए ***हल्दीना कॉर्डिफोलिया, सिजियम क्यूमिनी, ऐलेन्थस एक्सेल्सा, लिट्सिया ग्लूटिनोसा*** और ***केरिया आर्बोरिया*** के पौधे लगाए गए।
- गंभीर रूप से लुप्तप्राय प्रजातियों ***डाइलेनिया पेंटाग्याना*** और ***साराका असोका*** के पर–स्थाने संरक्षण के लिए मध्यप्रदेश राज्य वन विभाग प्रायोजित परियोजना के अंतर्गत उ.व.अ.सं. की अकाष्ठ वनोत्पाद पौधशाला में इनका रोपण किया गया।

## परामर्शी कार्य

### भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून

विभिन्न वैज्ञानिक परामर्श परियोजनाओं पर कार्य किया गया और इस अवधि के दौरान संबंधित एजेंसियों को निम्नलिखित रिपोर्टें सौंपी गईं:

**प्रस्तुत रिपोर्टः**

केडी हेसालोंग, पारेज, रजरप्पा ओसीपी, सीसीएल की अंतिम पर्यावरण ऑडिट रिपोर्ट सीआईएल, कोलकाता को प्रस्तुत की गई।

**प्रस्तुत भा.वा.अ.शि.प. प्रेशणः**

1. मेसर्स जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड, बेल्लारी, कर्नाटक के जयसिंहपुरा उत्तरी लौह अयस्क ब्लॉक के लिए आर एंड आर योजना तैयार करने और इसके कार्यान्वयन और पुनःस्थापित क्षेत्रों की जैव विविधता के मूल्यांकन के लिए तकनीकी सलाह प्रदान करने का प्रस्ताव मेसर्स जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड को प्रस्तुत किया गया।
2. मुख्य रूप से जलधाराओं पर निर्भर वनस्पतियों और जीवों की निगरानी के साथ चंद्रगुप्त ओपन कास्ट कोयला खदान के खनन पट्टा क्षेत्र से गुजरने वाली नदी/धाराओं के पारिस्थितिक मूल्यांकन का प्रस्ताव सीसीएल, रांची को प्रस्तुत किया गया।

### भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- टेक्नो इकोनॉमिक डेवलपमेंट फंड (टीईडीएफ), गृह मंत्रालय (उत्तर पूर्व डिवीजन), भारत सरकार के अंतर्गत उत्तर पूर्वी विकास वित्त निगम लिमिटेड (एनईडीएफआई) द्वारा वित्त पोषित असम राज्य में बांस संसाधनों का आकलन किया गया।

## वन विज्ञान केंद्र के अंतर्गत गतिविधियाँ

- भा.वा.अ.शि.प.– व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा 19 अक्टूबर 2023 को मधुमक्खियों के महत्व और जैव विविधता संरक्षण में इनकी भूमिका पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मल्ला रेड्डी विश्वविद्यालय, हैदराबाद के बीएससी–कृषि के कुल 70 छात्रों ने भाग लिया।



भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं. हैदराबाद द्वारा मधुमक्खियों के महत्व और जैव विविधता संरक्षण में इनकी भूमिका पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## प्रदर्शनी में भागीदारी

- भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं. शिमला ने 12 और 13 अक्टूबर 2023 को ग्लाइड इन जुन्गा, शिमला में फ्लाइंग शिमला मेले की प्रदर्शनी में एक स्टॉल लगाया। संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकियों एवं उत्पादों और विस्तार सामग्री को भी स्टॉल में प्रदर्शित किया गया।




भा.वा.अ.शि.प.-हि.व.अ.सं. शिमला ने फ्लाइंग शिमला मेले की प्रदर्शनी में स्टॉल लगाया

- भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर, भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला, भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद और भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा अनुसंधान सलाहकार समूह (आरएजी) बैठकें 2023 आयोजित की गईं।













## कार्यशालाएँ/सेमिनार/बैठकें

| | | |
|---|---|---|
| **भा.वा.अ.शि.प.–वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून** | | |
| 1. मृदा पोषक तत्वों की कमी और उसके पुनर्भरण पर सेमीनार | 12 अक्टूबर 2023 | व.अ.सं. के प्रभागाध्यक्षों, व.अ.सं. के अधिकारियों और वैज्ञानिकों, व.अ.सं. समद विश्वविद्यालय के छात्रों, पीएचडी छात्रों और परियोजना अधिकारियों सहित 50 प्रतिभागी |
| 2. पादप विकास वृद्धि और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए बायोइनोकुलेंट्स पर वेबिनार | 19 अक्टूबर 2023 | भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और छात्रों सहित 65 प्रतिभागी |

| | | |
|---|---|---|
| 3. भारतीय लुगदी, कागज और पैनल उद्योग के लिए गुणवक कच्चे माल की जांच और उत्पादन पर कार्यशाला | 20 अक्टूबर 2023 | पल्प, पेपर और पैनल उद्योग, सीपीपीआरआई, सहारनपुर, भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून के वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं सहित 80 प्रतिभागी |



भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा मृदा पोषक तत्वों की कमी और इसके पुनर्भरण पर एक सेमिनार आयोजित किया गया



भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून द्वारा पादप विकास वृद्धि और रोग प्रतिरोधक क्षमता के लिए बायोइनोकुलेंट्स पर एक वेबिनार आयोजित किया गया

## भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

| | | |
|---|---|---|
| 4. मूल्य संवर्धन के लिए मुद्रित करेंसी नोट ट्रिम अपशिष्टों के उपयोजन पर बैठक | 9 अक्टूबर 2023 | पैनल उद्योग क्षेत्र के 07 सदस्य |
| 5. राष्ट्रीय बांस मिशन के अंतर्गत तकनीकी समिति द्वितीय की चौथी बैठक | 26 अक्टूबर 2023 | बांस से संबंधित उद्योग, गैर सरकारी संगठन, उद्यमी, मुथा उद्योग, बायो क्राफ्ट नवाचार, आईटीसी, उरावु, बांस पेकर, एनआईडी बेंगलुरु, बीसीडीआई अगरतला |

## भा.वा.अ.शि.प.–हिमालयी वन अनुसंधान संस्थान, शिमला

| | | |
|---|---|---|
| 6. उत्तर पश्चिमी हिमालय में पॉपलर के आनुवंशिक सुधार पर अध्ययन: वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाएँ पर सेमीनार | 31 अक्टूबर 2023 | वैज्ञानिकों, तकनीकी कर्मचारियों और अनुसंधान कर्मचारियों सहित 45 प्रतिभागी |

## भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

| | | |
|---|---|---|
| 7. पूर्वोत्तर के विकास और लोगों के अधिकार पर एफसीए संशोधनों के प्रभाव पर कार्यशाला | 06 अक्टूबर 2023 | पूर्वोत्तर राज्यों के वन विभागों के अधिकारी, व.व.अ.सं., जोरहाट के वैज्ञानिक, अधिकारी, पर्यावरणविद और गैर सरकारी संगठन के सदस्यों सहित 100 प्रतिभागी |

| | | |
|---|---|---|
| 8. पर्यटन, आजीविका सुधार और जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए इंतांकी राष्ट्रीय उद्यान में पारि–पर्यटन व्यवहार्यता अध्ययन पर कार्यशाला | 07 अक्टूबर 2023 | नागालैंड वन विभाग, गैर सरकारी संगठनों, समुदाय आधारित संगठनों, ग्राम परिषद और शिक्षाविदों सहित 50 प्रतिभागी |




भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा पूर्वोत्तर के विकास और लोगों के अधिकार पर एफसीए संशोधनों के प्रभाव पर एक कार्यशाला आयोजित की गई



भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा इंटांकी राष्ट्रीय उद्यान में पारि–पर्यटन व्यवहार्यता अध्ययन पर एक कार्यशाला आयोजित की गई

## प्रशिक्षण कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

| | | |
|---|---|---|
| 1. यूकेलिप्टस सुधार (AICRP-4) और कैसुरीना सुधार (AICRP-1) के अंतर्गत बहुस्थाने परीक्षण (MLT) डेटा विश्लेषण | 03 से 07 अक्टूबर 2023 | भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं. के 12 वैज्ञानिक |

### भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

| | | |
|---|---|---|
| 2. प्रभागीय अभिविन्यास सह प्रशिक्षण कार्यक्रम | 16 से 27 अक्टूबर 2023 | भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर के 04 नवनियुक्त वैज्ञानिक |

### भा.वा.अ.शि.प.–वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद

| | | |
|---|---|---|
| 3. जैविक विविधता की प्रलेखन विधियाँ | 04 से 06 अक्टूबर 2023 | 30 छात्र |

## भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

| | | |
|---|---|---|
| 4. शुष्क क्षेत्रों को हरा–भरा बनाना और सूखे क्षेत्रों के पारिस्थितिक पहलू तथा सतत वानिकी पर संवेदीकरण | 04 से 06 अक्टूबर 2023 | गैर सरकारी संगठनों, पर्यावरणविदों और प्रगतिशील किसानों सहित 30 प्रतिभागी |




जैविक विविधता की प्रलेखन विधियाँ



शुष्क क्षेत्रों को हरा–भरा बनाना और सूखे क्षेत्रों के पारिस्थितिक पहलू तथा सतत वानिकी पर संवेदीकरण

## भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

| | | |
|---|---|---|
| 5. बांस की खेती, प्रबंधन, संशोषण, संरक्षण और उपयोजन | 04 से 06 अक्टूबर 2023 | 50 किसान |
| 6. काष्ठ उत्पादन और उपयोजन में प्रगति | 09 अक्टूबर 2023 | 13 सेवारत भा.व.से. अधिकारी |
| 7. प्लाइवुड विनिर्माण–II (प्लाइवुड के लिए आसंजक और प्लाइवुड विनिर्माण – राल तैयार करना, चिपकाना, गर्म दबाव) | 11 से 12 अक्टूबर 2023 | 11 उद्योग कर्मी |
| 8. निर्माण विधि के माध्यम से 120 मिनट की रेटिंग के लिए फायर रिटार्डेंट डोर (एफआरडी) शटर का निर्माण | 16 से 19 अक्टूबर 2023 | 05 उद्योग कर्मी |

## समझौता ज्ञापन

- वन प्रबंधन, जैव विविधता संरक्षण और काष्ठ एवं काष्ठ उत्पादों के मूल्यवर्धन पर अनुसंधान में सहयोग के लिए 05 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु और एनसीबीएस, बेंगलुरु के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु और एनसीबीएस, बेंगलुरु के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए

- त्रिपुरा के लोगों के लिए बांस प्ररोह प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए 13 अक्टूबर, 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–आ.वि.के., अगरतला ने महाप्रबंधक, नाबार्ड, अगरतला के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- सीएसआईआर–एनईईआरआई के निदेशक डॉ. अतुल एन वैद्य और भा.वा.अ.शि.प. के महानिदेशक श्री भारत ज्योति द्वारा 30 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और सीएसआईआर–एनईईआरआई के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।




भा.वा.अ.शि.प., देहरादून और सीएसआईआर–एनईईआरआई के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए)

## प्रकृति कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- रामासामी चेट्टियार गवर्नमेंट गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल, कोयंबटूर, नेवी चिल्ड्रेन स्कूल, आनन इंटरनेशनल स्कूल, कोयंबटूर, एसएनएस एकेडमी, कोयंबटूर, वेवेहम स्कूल, कोयंबटूर, अद्वैत थॉट एकेडमी, कोयंबटूर और विवेहम हायर सेकेंडरी स्कूल, धारापुरम के लगभग 487 स्कूली छात्रों ने क्रमशः 04, 11, 17, 19 और 26 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया और छात्रों को बायोडिग्रेडेबल अपशिष्ट, सूक्ष्म सिंचाई, खाद्य श्रृंखला और वनीकरण पर व्याख्यान दिए गए।



विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया

### भा.वा.अ.शि.प.–वन जैव विविधता संस्थान, हैदराबाद

- केंद्रीय विद्यालय, डंडीगल नंबर–2, तेलंगाना के शिक्षकों के साथ 40 छात्रों ने 31 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद का दौरा किया और छात्रों को सतत विकास पर एक व्याख्यान भी दिया गया।

### भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

- वैलिएंट्स एकेडमी, कनकपुरा रोड, बेंगलुरु के 03 शिक्षकों के साथ ग्रेड V और VI के 31 छात्रों ने 11 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं. , बेंगलुरु का दौरा किया।



वैलिएंट्स एकेडमी, कनकपुरा रोड, बेंगलुरु के 03 शिक्षकों के साथ ग्रेड V और VI के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

### भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 जीसीएफ, जबलपुर, मध्यप्रदेश की कक्षा 9 और 10 के 110 छात्रों ने 12 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।



केंद्रीय विद्यालय नंबर 1 जीसीएफ, जबलपुर, मध्यप्रदेश की कक्षा 9 और 10 के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया

- सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल, उ.व.अ.सं. शाखा, जबलपुर (मध्य प्रदेश) के कक्षा 9 और 12 के 100 छात्रों ने 13 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।

## जागरूकता एवं प्रदर्शन कार्यक्रम

### भा.वा.अ.शि.प.–वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबटूर

- अन्नामलाई विश्वविद्यालय, चिदम्बरम के वनस्पति विज्ञान विभाग के एमएससी वनस्पति विज्ञान के 68 छात्रों ने 03 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया।
- वन अनुसंधान संस्थान सम विश्वविघालय, देहरादून के एमएससी वानिकी के 45 छात्रों ने 06 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया और छात्रों को बीज प्रौद्योगिकी पर एक व्याख्यान दिया गया।
- केरल के एमईएस पोन्नानी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के स्नातक वर्ष के 24 छात्रों ने 11 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया।
- तमिलनाडु वन अकादमी के वन अधिकारियों और फील्ड कर्मचारियों के लिए 12 अक्टूबर 2023 को वृक्षारोपण में कार्बन पृथक्करण पर एक



केरल के एमईएस पोन्नानी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के वनस्पति विज्ञान के यूजी के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.-व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया

व्याख्यान आयोजित किया गया।

- केरल विश्वविद्यालय, त्रिवेन्द्रम के वनस्पति विज्ञान के स्नातक वर्ष के 15 छात्रों ने 17 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया।
- नजीएम कॉलेज, पोलाची के वनस्पति विज्ञान के स्नातक वर्ष के 100 छात्रों ने 20 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया।
- बीके कॉलेज, अमलागिरी, कोट्टायम, केरल के वनस्पति विज्ञान के 20 छात्रों ने 25 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.आ.वृ.प्र.सं., कोयंबटूर का दौरा किया।

### भा.वा.अ.शि.प.–काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बेंगलुरु

- व.अ.सं. सम विश्वविद्यालय, देहरादून के संकाय सदस्यों के साथ एमएससी वानिकी के 45 छात्रों ने 05 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प. –का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया।

- व.अ.सं. सम विश्वविद्यालय, देहरादून के संकाय सदस्यों के साथ एमएससी पर्यावरण विज्ञान के 37 छात्रों ने 18 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया।



व.अ.सं. सम विश्वविद्यालय, देहरादून के संकाय सदस्यों के साथ एमएससी पर्यावरण विज्ञान के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया

- वन कॉलेज और अनुसंधान संस्थान, तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, मेट्टुपालयम के बीएससी (ऑनर्स) वानिकी के 54 छात्रों ने संकाय सदस्यों के साथ 19 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वो.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया।
- व.अ.सं. सम विश्वविद्यालय, देहरादून के संकाय सदस्यों के साथ एमएससी काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के 38 छात्रों ने 25 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु का दौरा किया।

## भा.वा.अ.शि.प.–वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट

- दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को श्रीकिशन सारदा कॉलेज, हैलाकांडी के वनस्पति विज्ञान (ऑनर्स) के 29 छात्रों को बांस की खेती, प्रवर्धन, पौधशाला प्रबंधन, मूल्य संवर्धन और बांस संरक्षण तकनीक, जैव प्रौद्योगिकी और ऊतक संवर्धन, वन्य खाद्य मशरूम की पहचान, लाख की खेती, वर्मीकम्पोस्टिंग और अगर रोपण पर अनुसंधान और विकास गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया।




श्रीकिशन सारदा कॉलेज, हैलाकांडी के वनस्पति विज्ञान (ऑनर्स) के छात्रों ने भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया

## भा.वा.अ.शि.प.–उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर

- मध्य प्रदेश के 27 नर्मदा समग्र गैर सरकारी संगठन कार्यशाला प्रशिक्षुओं ने 10 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया और उन्हें गैर प्रकाष्ठ वनोत्पाद की सतत कटाई और प्रसंस्करण पर एक व्याख्यान दिया गया।
- शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल पीजी कॉलेज, सिहोरा के 43 छात्रों ने 11 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–उ.व.अ.सं., जबलपुर का दौरा किया।

## भा.वा.अ.शि.प.–शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर

- वन विभाग, जोधपुर के 56 वनपाल प्रशिक्षुओं के समूह ने 26 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा किया और उन्हें भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर पर एक वृत्तचित्र दिखाया गया।




वन विभाग, जोधपुर के वनपाल प्रशिक्षुओं ने भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर का दौरा किया

## संस्थानों का दौरा

- सुश्री मगाली क्वेनेट, सुश्री नोरा गैस्पारिनी, सुश्री कैथरीन बेहार, श्री बोस्ट्रोम जीन और सुश्री लिसे ब्रेथस पारनेंटियर सहित फ्रांस के विभिन्न इत्र उद्योगों के प्रतिनिधियों के समूह ने 30 अक्टूबर 2023 को भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया।




फ्रांस के विभिन्न इत्र उद्योगों के प्रतिनिधियों के समूह ने भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट का दौरा किया

## राजभाषा गतिविधियां

- भा.वा.अ.शि.प., देहरादून ने 18 अक्टूबर 2023 को मुख्यालय और सभी भा.वा.अ.शि.प. संस्थानों के हिंदी से संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए निरीक्षण प्रश्नावली विषय पर एक विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया।



भा.वा.अ.शि.प., देहरादून ने एक विशेष हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया

## स्वच्छता अभियान

- भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला द्वारा अक्टूबर के प्रत्येक सप्ताह में परिसर और उसके आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में निदेशक, वैज्ञानिकों, अधिकारियों, पदधारियों और शोधार्थियों सहित भा.वा.अ.शि.प.–हि.व.अ.सं., शिमला के लगभग 100 कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प.–व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के हिस्से के रूप में अक्टूबर के प्रत्येक सप्ताह में सफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।



भा.वा.अ.शि.प.-व.जै.सं., हैदराबाद द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया

- भा.वा.अ.शि.प.–त.पा.कें., विशाखापत्तनम द्वारा विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के हिस्से के रूप में अक्टूबर के प्रत्येक सप्ताह में स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- भा.वा.अ.शि.प.–व.उ.सं., रांची द्वारा संस्थान के परिसर के बाहर अक्टूबर के प्रत्येक सप्ताह में विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में सभी अधिकारियों, पदधारियों एवं अनुसंधान अध्येताओं ने भाग लिया।




भा.वा.अ.शि.प.– व.उ.सं., रांची द्वारा आयोजित स्वच्छता अभियान

- भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट द्वारा अक्टूबर के प्रत्येक सप्ताह में विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में संस्थान के 50 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प.–आ.वि.कें., अगरतला ने अक्टूबर के प्रत्येक सप्ताह में विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में संस्थान के 10 कर्मचारियों ने भाग लिया।
- भा.वा.अ.शि.प.–बां.बें.कें., आइजॉल द्वारा अक्टूबर के प्रत्येक सप्ताह में विशेष स्वच्छता अभियान 3.0 के अंतर्गत सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान में संस्थान के 10 कर्मचारियों ने भाग लिया।

## मानव संसाधन समाचार

### सेवानिवृत्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| डॉ. एम. सुजाता, मुख्य तकनीकी अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु | 31.10.2023 |
| श्री सुरेंद्र सिंह नेगी, रेंज वन अधिकारी, भा.वा.अ.शि.प.–व.अ.सं., देहरादून | 31.10.2023 |
| श्रीमती टी.एस. ललिता, निजी सचिव, भा.वा.अ.शि.प.–का.वि.प्रौ.सं., बेंगलुरु | 31.10.2023 |

### नियमित नियुक्ति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री शरत कोठारी, वैज्ञानिक–बी, भा.वा.अ.शि.प.–शु.व.अ.सं., जोधपुर | 04.10.2023 |

| | |
|---|---|
| सुश्री मिताली मेहता, वैज्ञानिक–बी<br>भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट | 10.10.2023 |
| श्री अंशुमान पटेल, वैज्ञानिक–बी<br>भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट | 11.10.2023 |
| श्री अमिताव रॉय, वैज्ञानिक–बी<br>भा.वा.अ.शि.प.–व.व.अ.सं., जोरहाट | 11.10.2023 |

## प्रतिनियुक्ति पर नियुक्तियाँ

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री मोटा राम, एएओ, भा.वा.अ.शि.प.<br>–शु.व.अ.सं., जोधपुर | 05.10.2023 |

## पदोन्नति

| अधिकारी का नाम | दिनांक |
|---|---|
| श्री ए बालासुब्रमण्यम, अनुसंधान अधिकारी–1 को वैज्ञानिक–बी के पद पर पदोन्नत किया गया | 03.10.2023 |

**सहायक:**
श्री प्रिंस, तकनीकी सहायक (मीडिया एवं विस्तार)

**संरक्षक:**
श्री अरूण सिंह रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प, देहरादून

**संपादक मंडल:**
डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), अध्यक्ष
डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक (मीडिया एवं विस्तार), मानद सम्पादक
डॉ. विश्वजीत शर्मा, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, सदस्य

**हिन्दी संस्करण:**
श्री शंकर शर्मा, सहायक निदेशक (राजभाषा), सदस्य

**सहायक:**
श्री प्रिंस, तकनीकी सहायक (मीडिया एवं विस्तार)

**प्रत्याख्यान:**

•केवल निजी रूप से प्रसारण करने हेतु।

•वानिकी समाचार में प्रकाशित सामग्री, संपादक मंडल के विचारों को अनिवार्यतः प्रतिबिंबित नहीं करती हैं।

•यहाँ प्रकाशित सूचना के लिए किसी भी प्रकार के नुकसान की भरपाई के लिए भा.वा.अ.शि.प. उत्तरदायी नहीं होगा।